भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1296
सोमवार, 8 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**ग्रीनफील्ड पर्यटन स्थलों का विकास**

**1296. श्री सनातन पांडेय:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) संबंधित राज्य सरकारों और निजी निवेशकों के सहयोग से देश भर में ग्रीनफील्ड पर्यटन स्थलों की पहचान और विकास में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ग्रीनफील्ड पर्यटन पहल के तहत विकास के लिए कोई विशिष्ट गंतव्य चुना गया है और यदि हां, तो उक्त गंतव्यों पर अवसंरचना के विकास और संपर्क सुधार की स्थिति सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पहले से विकसित जगहों पर पर्यटन की अत्यधिकता को रोकने के लिए पर्यटन अवसंरचना का संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी मौजूदा योजनाओं के माध्यम से ग्रीनफील्ड पर्यटक स्थलों सहित विभिन्न गंतव्यों पर पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने हेतु देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

मंत्रालय ने चिह्नित विषयगत परिपथों के तहत पर्यटन अवसंरचना को विकसित करने के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में अपनी स्वदेश दर्शन योजना शुरू की और देश में 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी। इस योजना को स्थायी और उत्तरदायी पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के नाम से नया रूप दिया गया है और मंत्रालय ने देश में इस पहल के तहत 53 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अलावा, मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना की 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' (सीबीडीडी) नामक एक उप-योजना के तहत 36 परियोजनाओं और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के तहत 54 परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक योजना के तहत 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों को व्यापक रूप से विकसित करना और उनकी वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग तथा विपणन करना है।

ग्रीनफील्ड स्थलों सहित देश में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

स्वदेश दर्शन योजना के दिशानिर्देश भावी विकास के लिए मुख्य रूप से स्थायी और उत्तरदायी पर्यटन के विकास पर बल देने के साथ-साथ स्थायी पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जो राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को गंतव्यों के विकास के लिए परियोजनाएं तैयार करते समय स्थानीय समुदायों और हितधारकों के साथ उचित परामर्श सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करते हैं।

पर्यटन मंत्रालय, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को स्थायी पर्यटन संबंधी उपायों के एक हिस्से के रूप में मौजूदा गंतव्यों में भीड़ को कम करने के लिए वैकल्पिक गंतव्यों को बढ़ावा देने की संभावनाओं को तलाशने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहा है। पर्यटन मंत्रालय ने, स्थायी पर्यटन के बारे में जागरूकता पैदा करने और पर्यटकों तथा पर्यटन संबंधी व्यवसायों को प्रकृति के साथ तारतम्यता बनाते हुए स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'मिशन लाइफ' के तहत पर्यटन क्षेत्र के लिए 'ट्रैवल फॉर लाइफ (टीएफएल)' नामक एक कार्यक्रम की परिकल्पना की है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने विश्व में स्थायी एवं उत्तरदायी पर्यटन और इको-पर्यटन के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में भारत को स्थापित करने के दृष्टिकोण से 'राष्ट्रीय स्थायी पर्यटन रणनीति' और 'राष्ट्रीय इको-पर्यटन रणनीति' तैयार की है।

पर्यटन मंत्रालय देश में स्थायी और क्षेत्रीय रूप से संतुलित पर्यटन विकास का संवर्धन करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

*****

**अनुबंध**

श्री सनातन पांडेय द्वारा ग्रीनफील्ड पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 08.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1296 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**(i) स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | तटीय परिपथ 2016-17 | लॉन्ग द्वीप - रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप - हैवलॉक द्वीप-बाराटांग द्वीप - पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 |
| 4. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास | 35.24 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2014-15 | भालुकपोंग - बोमडिला और तवांग का विकास | 49.77 |
| 6. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | नफरा - सेप्पा - पप्पू, पासा, पक्के घाटियाँ - संगदूपोटा-न्यू सगाली - जीरो-योम्चा का विकास | 96.72 |
| 7. | असम | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | मानस - प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास | 94.68 |
| 8. | असम | विरासत परिपथ 2016-17 | तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास | 90.98 |
| 9. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ 2016-17 | वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास | 33.96 |
| 10. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास | 44.76 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | | |
| 11. | बिहार | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 95.18 |
| 12. | बिहार | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास | 44.27 |
| 13. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 |
| 14. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जशपुर - कुनकुरी - मैनपाट - कमलेशपुर - महेशपुर - कुर्दार - सरोधदादर - गंगरेल - कोंडागांव - नाथियानवागांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 |
| 15. | गोवा | तटीय परिपथ 2016-17 | सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास | 97.65 |
| 16. | गोवा | तटीय परिपथ 2017-18 | तटीय परिपथ II: रुआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला - कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 |
| 17. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारदोली - दांडी का विकास | 59.17 |
| 18. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | वडनगर - मोढेरा का विकास | 91.12 |
| 19. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास | 26.68 |
| 20. | हरियाणा | कृष्ण परिपथ 2016-17 | कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास | 77.39 |
| 21. | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ 2016-17 | हिमालय परिपथ: कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा का विकास | 68.34 |
| 22. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू - श्रीनगर - पहलगाम - भगवती नगर - अनंतनाग - सलामाबाद, उरी - कारगिल - लेह का विकास | 77.33 |
| 23. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 81.60 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | पर्यटक सुविधाओं का विकास - पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसंपत्तियों के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण | 90.43 |
| 25. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.99 |
| 26. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग - पुलवामा - किश्तवर - पहलगाम - जांस्कर पदुम - दक्सुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 |
| 27. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 |
| 28. | झारखंड | इको परिपथ 2018-19 | इको पर्यटन परिपथ: दलमा - बेतला नेशनल पार्क - मिरचैया - नेतरहाट का विकास | 30.44 |
| 29. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा - गवी - वागामोन - तेक्कडी का विकास | 64.08 |
| 30. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास | 46.54 |
| 31. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्नामूला का विकास | 78.08 |
| 32. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| 33. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरीश्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया - चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 |
| 34. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी- बांधवगढ़-कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 |
| 35. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास | 74.02 |
| 36. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 |
| 37. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी | 93.76 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | |
| 38. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास | 19.06 |
| 39. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखंडी - गिराड का विकास | 45.47 |
| 40. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | मणिपुर में पर्यटक परिपथ: इम्फाल -खोंगजोम का विकास | 72.23 |
| 41. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 45.34 |
| 42. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | उमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग - मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 |
| 43. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | वेस्ट खासी हिल्स (नोंगखलाव- क्रेम तिरोट - खुदोई और कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी- मावथाद्रीशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी फॉल्स- शिरमंग-इयूक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास | 84.97 |
| 44. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | थेनजोल और साउथ ज़ोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास | 92.26 |
| 45. | मिजोरम | इको परिपथ 2016-17 | इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकाव्रहमुइटुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास | 66.37 |
| 46. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जनजातीय परिपथ पेरेन- कोहिमा- वोखा का विकास | 97.36 |
| 47. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग - तुएनसांग - मोन का विकास | 98.14 |
| 48. | ओडिशा | तटीय परिपथ 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास | 70.82 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 49. | पुडुचेरी | तटीय परिपथ 2015-16 | दुबरायापेट - अरिकामेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नम्बर - नल्लावाडु/नरमबाई - मनापेट - कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास | 58.44 |
| 50. | पुडुचेरी | विरासत परिपथ 2017-18 | फ्रेंको - तमिल गांव, कराईकल, माहे और यानम का विकास | 49.44 |
| 51. | पुडुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | पुडुचेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास | 34.96 |
| 52. | पंजाब | विरासत परिपथ 2018-19 | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 85.32 |
| 53. | राजस्थान | मरुस्थल परिपथ 2015-16 | सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास | 50.01 |
| 54. | राजस्थान | कृष्ण परिपथ 2016-17 | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास | 75.80 |
| 55. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 |
| 56. | राजस्थान | विरासत परिपथ 2017-18 | विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) -झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | 70.61 |
| 57. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग - अरितार - फादमचेन - नाथंग - शेराथांग - सोंगमो - गंगटोक - फोडोंग - मंगन - लाचुंग -युमथांग - लाचेन - थांगु - गुरुडोंगमेर - मंगन - गंगटोक - | 98.05 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | तुमिनलिंगी - सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | |
| 58. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | सिंगटम-मका-टेमी - बेरमोइक टोकेल - फोंगिया - नामची - जोरथांग - ओखारे - सोम्बारिया - दारमदिन - जोरेथांग - मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 |
| 59. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 |
| 60. | तेलंगाना | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 |
| 61. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास | 79.87 |
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ 2017-18 | कुतुबशाही विरासत पार्क-पैगाह मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास | 96.90 |
| 63. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | अगरतला - सिपाहीजला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेलकुंज - गंडाचरा - अंबासा का विकास | 82.85 |
| 64. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | सूरमाचेर्रा - उनाकोटी - जम्पुई हिल्स - गुनाबती - भुवनेश्वरी-नीरमहल - बॉक्सनगर - चोट्टाखोला - पिलक - अवांगचारा का विकास | 44.83 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 66. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 67. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 68. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 |
| 69. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ | कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - | 36.65 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | |
| 70. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 71. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 |
| 72. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |
| 73. | उत्तराखंड | इको परिपथ 2015-16 | टिहरी झील और निकटवर्ती क्षेत्रों का नए गंतव्य के रूप में विकास के लिए इको-पर्यटन, एडवेंचर स्पोर्ट्स और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत विकास - जिला टिहरी | 69.17 |
| 74. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ 2016-17 | कुमाऊं क्षेत्र में विरासत परिपथ - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ - देवीधुरा का एकीकृत विकास | 76.32 |
| 75. | पश्चिम बंगाल | तटीय परिपथ 2015-16 | तटीय परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 |
| 76. | - | मार्गस्थ परिपथ 2018-19 | सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 17.50 |
| | | | **कुल** | **5290.33** |

**(ii) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | बापतला | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 97.52 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2023-24 | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.88 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 |
| 6. | असम | 2023-24 | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 |
| 7. | असम | 2023-24 | जोरहाट | रीइमेंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.88 |
| 8. | बिहार | 2024-25 | बोधगया | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास | 165.44 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | कवर्धा | भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कबीरधाम जिला | 145.99 |
| 10. | दादरा नगर एवं हवेली तथा दमन एवं दीव | 2024-25 | दमन | दमन कन्वेंशन सेंटर | 147.13 |
| 11. | गोवा | 2023-24 | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 24.07 |
| 12. | गोवा | 2023-24 | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 19.89 |
| 13. | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास | 26.68 |
| 14. | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प | 65.82 |
| 15. | हिमाचल प्रदेश | 2024-25 | माँ चिंतपूर्णी मंदिर (जिला - ऊना) | मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास | 56.26 |
| 16. | कर्नाटक | 2023-24 | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.64 |
| 17. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.72 |
| 18. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.48 |
| 19. | केरल | 2023-24 | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.81 |
| 20. | केरल | 2024-25 | अलप्पुझा | अलाप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड | 93.18 |
| 21. | केरल | 2024-25 | मलमपुझा | मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना | 75.87 |
| 22. | लद्दाख | 2023-24 | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 23.17 |
| 23. | लद्दाख | 2023-24 | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 11.91 |
| 24. | लक्षद्वीप | 2024-25 | बंगारम | बंगाराम में पर्यटक अनुभव का संवर्धन | 81.18 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.74 |
| 26. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 |
| 27. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | पीताम्बरा पीठ, दतिया | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | 44.24 |
| 28. | महाराष्ट्र | 2023-24 | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 |
| 29. | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.60 |
| 30. | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 |
| 31. | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुह्वम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट एक्सपीरियंस | 38.85 |
| 32. | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई | 33.87 |
| 33. | मिजोरम | 2025-26 | थिंग्सुलथलिया | सम्मेलन केंद्र का निर्माण | 99.71 |
| 34. | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको-पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 |
| 35. | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 |
| 36. | नागालैंड | 2024-25 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव | 32.54 |
| 37. | पुदुचेरी | 2023-24 | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 |
| 38. | पंजाब | 2023-24 | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 |
| 39. | पंजाब | 2023-24 | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.91 |
| 40. | राजस्थान | 2023-24 | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव | 21.65 |
| 41. | राजस्थान | 2024-25 | सीकर | श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 87.87 |
| 42. | राजस्थान | 2024-25 | करणी माता मंदिर, जिला बीकानेर | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 22.58 |
| 43. | राजस्थान | 2024-25 | मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा) | मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास | 48.73 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 44. | सिक्किम | 2023-24 | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.41 |
| 45. | सिक्किम | 2023-24 | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.60 |
| 46. | तमिलनाडु | 2023-24 | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 |
| 47. | तेलंगाना | 2023-24 | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.82 |
| 48. | तेलंगाना | 2023-24 | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.01 |
| 49. | त्रिपुरा | 2024-25 | अगरतला | अगरतला में त्रिपुरा हेरिटेज विलेज और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2) | 48.95 |
| 50. | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 14.52 |
| 51. | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 17.80 |
| 52. | उत्तराखंड | 2023-24 | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 17.86 |
| 53. | उत्तराखंड | 2023-24 | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 19.89 |
| **कुल राशि** | | | | | **2208.27** |

**(iii) स्वदेश दर्शन योजना की उप-योजना, चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | श्रेणी | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | अहोबिलम - एक आध्यात्मिक यात्रा | आध्यात्मिक पर्यटन | 25.00 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन | संस्कृति एवं विरासत | 25.00 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | बिचोम बांध साहसिक और इको-पर्यटन परियोजना | इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.90 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | किभितो सीमांत पर्यटन - शांति का प्रवेश द्वार | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 4.96 |
| 5. | असम | 2024-25 | पाणिधिंग पक्षी अभयारण्य, शिवसागर | इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.99 |
| 6. | बिहार | 2024-25 | सोनपुर मेला मैदान, सारण में पर्यटक सुविधाओं का विकास | संस्कृति एवं विरासत | 24.29 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | मायाली बगीचा का इको-पर्यटन स्थल के रूप में विकास | इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.97 |
| 8. | गोवा | 2024-25 | मायेम गाँव में हरवलम जलप्रपात का सौंदर्यीकरण और विकास | इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.81 |
| 9. | गुजरात | 2024-25 | शर्मिष्ठा झील का रूपांतरण: वडनगर में प्रकाश और संस्कृति | संस्कृति एवं विरासत | 17.29 |
| 10. | गुजरात | 2024-25 | हरसिद्धि तट, पोरबंदर में पवित्र महासागर आश्रय स्थल | आध्यात्मिक पर्यटन | 24.66 |
| 11. | गुजरात | 2024-25 | थोल: परिवर्तनकारी पर्यटन 'सौहार्दपूर्ण स्थायित्व, अनुकूलित कौशल' अग्रणी प्रौद्योगिकी | इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.96 |
| 12. | हिमाचल प्रदेश | 2024-25 | काज़ा में पर्यटन अवसंरचना विकास | संस्कृति एवं विरासत | 24.82 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 2024-25 | रक्छम, छितकुल में पर्यटन अवसंरचना विकास | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 4.96 |
| 14. | झारखंड | 2024-25 | रामरेखा धाम, सिमडेगा में पर्यटन अवसंरचना विकास | आध्यात्मिक पर्यटन | 18.87 |
| 15. | केरल | 2024-25 | थालास्सेरी: आध्यात्मिक जुड़ाव | आध्यात्मिक पर्यटन | 25.00 |
| 16. | केरल | 2024-25 | वर्कला-दक्षिण काशी | संस्कृति एवं विरासत | 25.00 |
| 17. | लद्दाख | 2024-25 | मुश्कोह को एक स्थायी पर्यटन केंद्र के रूप में उन्नत बनाना: वन्यजीव दर्शन और सामुदायिक प्रगति का एकीकरण | इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.82 |
| 18. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | मध्यकालीन वैभव 2.0, ओरछा | आध्यात्मिक पर्यटन | 25.00 |
| 19. | महाराष्ट्र | 2024-25 | अहमदनगर किले का विकास | संस्कृति एवं विरासत | 25.00 |
| 20. | मणिपुर | 2024-25 | मणिपुर की प्राचीन राजधानी, लंगथबल कोनुग का विकास | संस्कृति एवं विरासत | 24.69 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 21. | मेघालय | 2024-25 | मावफलांग सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र | संस्कृति एवं विरासत | 24.87 |
| 22. | मेघालय | 2024-25 | नर्तियांग आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र | आध्यात्मिक पर्यटन | 24.87 |
| 23. | नागालैंड | 2024-25 | सोलफुल ट्रेल: इम्पुर विरासत अनुभव, इम्पुर गाँव | आध्यात्मिक पर्यटन | 24.94 |
| 24. | नागालैंड | 2024-25 | दोयांग पर विंग्स का विकास: एक इको पर्यटन स्थल, दोयांग जलाशय | इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 10.00 |
| 25. | पुदुचेरी | 2024-25 | व्हाइट टाउन का विकास | संस्कृति एवं विरासत | 22.19 |
| 26. | पंजाब | 2024-25 | हुसैनीवाला बॉर्डर, फिरोजपुर में सांस्कृतिक और विरासत खंड | संस्कृति एवं विरासत | 25.00 |
| 27. | पंजाब | 2024-25 | विरासत मार्ग - श्री आनंदपुर साहिब, रूपनगर में शांति और सद्भाव का प्रतीक | आध्यात्मिक पर्यटन | 24.90 |
| 28. | सिक्किम | 2024-25 | वीरता की गूँज: गनाथांग घाटी अनुभव, गनाथांग गाँव | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 5.00 |
| 29. | सिक्किम | 2024-25 | काबी क्रॉनिकल्स: एकता और विरासत के माध्यम से एक यात्रा, काबी, मंगन | आध्यात्मिक पर्यटन | 24.96 |
| 30. | तमिलनाडु | 2024-25 | रामेश्वरम का प्रतीकात्मक परिवर्तन | आध्यात्मिक पर्यटन | 20.01 |
| 31. | तेलंगाना | 2024-25 | नलगोंडा के बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र | संस्कृति एवं विरासत | 24.85 |
| 32. | तेलंगाना | 2024-25 | निज़ाम सागर, कामारेड्डी में इको-पर्यटन परियोजना का विकास | इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.98 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास | संस्कृति एवं विरासत | 24.98 |
| 34. | उत्तराखंड | 2024-25 | जादुंग उत्सव मैदान, जादुंग का विकास | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 4.99 |
| 35. | उत्तराखंड | 2024-25 | कैंचीधाम परिसर, कैंचीधाम का विकास | आध्यात्मिक पर्यटन | 17.60 |
| 36. | उत्तराखंड | 2024-25 | माना हाट परियोजना | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 4.99 |
| | | | **कुल** | | **648.11** |

**(iv) 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास | 2015-16 | 27.77 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | श्रीसैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम | 2022-23 | 54.04 |
| 4. | आंध्र प्रदेश | अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास | 2020-21 | 37.88 |
| 6. | असम | गुवाहाटी में और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थलों का विकास | 2015-16 | 29.80 |
| 7. | बिहार | पटना साहिब का विकास | 2015-16 | 29.62 |
| 8. | बिहार | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 |
| 9. | बिहार | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | 2024-25 | 13.29 |
| 10. | छत्तीसगढ़ | डोंगरगढ़, राजनंदगांव जिला, छत्तीसगढ़ में माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 48.44 |
| 11. | गोवा | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 |
| 12. | गुजरात | द्वारका का विकास | 2016-17 | 10.46 |
| 13. | गुजरात | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 |
| 14. | गुजरात | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 |
| 15. | गुजरात | बनासकांठा, गुजरात में अंबाजी मंदिर में तीर्थ यात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 |
| 16. | हरियाणा | पंचकुला जिले में माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास | 2019-20 | 48.53 |
| 17. | जम्मू एवं कश्मीर | हजरतबल दरगाह, श्रीनगर का विकास | 2016-17 | 40.46 |
| 18. | झारखंड | बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 36.79 |
| 19. | कर्नाटक | मैसूरु में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.38 |
| 20. | कर्नाटक | रेणुका येल्लामा देवी मंदिर का विकास | 2024-25 | 18.37 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21. | कर्नाटक | बीदर जिले के पापनाश मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 22.25 |
| 22. | केरल | गुरुवायूर मंदिर का विकास | 2016-17 | 45.19 |
| 23. | मध्य प्रदेश | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| 24. | मध्य प्रदेश | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 |
| 25. | महाराष्ट्र | त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास | 2017-18 | 45.41 |
| 26. | मेघालय | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.29 |
| 27. | मिज़ोरम | मिज़ोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 |
| 28. | मिज़ोरम | चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 5.47 |
| 29. | नागालैंड | नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 |
| 30. | नागालैंड | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 |
| 31. | ओडिशा | मेगा परिपथ के अंतर्गत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देमुली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना का विकास | 2014-15 | 50.00 |
| 32. | पुडुचेरी | श्री धरबारण्येश्वर मंदिर के लिए तीर्थयात्री सुविधाओं और पर्यटक आकर्षणों का विकास | 2024-25 | 25.94 |
| 33. | पंजाब | अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 |
| 34. | पंजाब | चमकौर साहिब, रोपड़, पंजाब का विकास | 2021-22 | 30.52 |
| 35. | राजस्थान | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 |
| 36. | सिक्किम | युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| 37. | तमिलनाडु | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 |
| 38. | तमिलनाडु | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 |
| 39. | तमिलनाडु | 8 नवग्रह मंदिरों का विकास | 2024-25 | 40.94 |
| 40. | तेलंगाना | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 38.90 |
| 41. | तेलंगाना | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 |
| 42. | तेलंगाना | भद्राचलम, भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 |
| 43. | तेलंगाना | देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 4.22 |
| 44. | त्रिपुरा | त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 34.43 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 45. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास - चरण-I | 2015-16 | 18.73 |
| 46. | उत्तर प्रदेश | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 | 10.98 |
| 47. | उत्तर प्रदेश | गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 9.02 |
| 48. | उत्तर प्रदेश | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| 49. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास - चरण II | 2017-18 | 44.60 |
| 50. | उत्तर प्रदेश | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 |
| 51. | उत्तराखंड | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 |
| 52. | उत्तराखंड | बद्रीनाथजी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 |
| 53. | उत्तराखंड | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि | 2021-22 | 54.36 |
| 54. | पश्चिम बंगाल | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 |
| | | **कुल** | | **1726.74** |

**(v) 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन | 77.91 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | राजा महेंद्रवरम में अखंड गोदावरी- (हवेलोक ब्रिज और पुष्कर घाट) | 94.44 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | पासीघाट में सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट | 46.48 |
| 4. | असम | 2024-25 | गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान | 97.12 |
| 5. | असम | 2024-25 | शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 |
| 6. | बिहार | 2024-25 | सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास | 97.61 |
| 7. | बिहार | 2024-25 | करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब | 49.51 |
| 8. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास | 95.79 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास | 51.87 |
| 10. | गोवा | 2024-25 | पोंडा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय | 97.46 |
| 11. | गोवा | 2024-25 | पोरवोरिम में टाउनस्क्वेयर | 90.74 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12. | गुजरात | 2024-25 | केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको-पर्यटन गंतव्य | 99.50 |
| 13. | गुजरात | 2024-25 | धोर्डो में टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर | 51.56 |
| 14. | झारखंड | 2024-25 | कोडरमा में तिलैया का इको-पर्यटन विकास | 34.87 |
| 15. | कर्नाटक | 2024-25 | रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र | 99.17 |
| 16. | कर्नाटक | 2024-25 | बेलगावी में सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास | 100.00 |
| 17. | केरल | 2024-25 | कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र | 59.71 |
| 18. | केरल | 2024-25 | सरगालया में मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे | 95.34 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | ओरछा एक मध्यकालीन वैभव | 99.92 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 |
| 21. | महाराष्ट्र | 2024-25 | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 |
| 22. | महाराष्ट्र | 2024-25 | नासिक में "राम-काल पथ" का विकास | 99.14 |
| 23. | मणिपुर | 2024-25 | लोकटक  में लोकटक लेक एक्सपीरियंस | 89.48 |
| 24. | मेघालय | 2024-25 | मावखानू में एमआईसीई अवसंरचना | 99.27 |
| 25. | मेघालय | 2024-25 | शिलांग में उमियम झील का पुनर्विकास | 99.27 |
| 26. | ओडिशा | 2024-25 | हीराकुंड का विकास | 99.90 |
| 27. | ओडिशा | 2024-25 | सतकोसिया का विकास | 99.99 |
| 28. | पंजाब | 2024-25 | एसबीएस नगर में खटकर कलां में शहीद-ए-आजम, सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास | 53.45 |
| 29. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास | 49.31 |
| 30. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में जल महल का विकास | 96.61 |
| 31. | सिक्किम | 2024-25 | नामची में स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग | 97.37 |
| 32. | सिक्किम | 2024-25 | नाथुला में बॉर्डर एक्सपीरियंस | 68.19 |
| 33. | तमिलनाडु | 2024-25 | मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास | 99.67 |
| 34. | तमिलनाडु | 2024-25 | ऊटी में रेस कोर्स में इको पार्क | 70.23 |
| 35. | तेलंगाना | 2024-25 | रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ | 73.74 |
| 36. | तेलंगाना | 2024-25 | नल्लामाला में सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट | 68.10 |
| 37. | त्रिपुरा | 2024-25 | गोमती के बंडुआर में शक्ति पीठ पार्क | 97.70 |
| 38. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | आगरा जिले में बटेश्वर का विकास | 74.05 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 39. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 |
| 40. | उत्तराखंड | 2024-25 | प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन | 100.00 |
| **कुल** | | | | **3295.76** |

*****